प्रेस नोट

जनपदीय साइबर सैल   दिनांक:- 06-03-2023

- **जनपदीय साइबर सैल व थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने भोले-भाले लोगों को फोन कॉल करके स्वयं को परिचित/रिश्तेदार बताकर उनको फोन-पे, पेटीएम, गूगल-पे इत्यादि का लिंक मोबाइल पर भेजकर धोखाधडी से रुपये निकालने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से 3300/- नकदी, 01 एटीएम कार्ड, एक एप्पल आईफोन सहित 04 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त लग्जरी कार बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण विभिन्न जनपदों/राज्यों में घूम-फिरकर लोगों की दुकानों या अन्य जगह लिखे मोबाइल नम्बर नोट कर लेते थे और फिर उस नम्बर की सीरीज पर भोले-भाले लोगों कॉल कर अपनी बातों में फंसाकर उधार के पैसे बताकर कुछ रूपये उनके खाते में डालते थे और फिर दोबारा से उनको मीठी-मीठी बातों में फंसाकर उनके पास लिंक भेजकर धोखे से उनका गोपनीय यूपीआई पिन डलवाकर फर्जी खातों के माध्यम से धनराशि ट्रांसफर कर निकाल लेते थे।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी/ठग हैं, जिनके द्वारा एनसीआर क्षेत्र के जनपदों व अन्य राज्यों में इस तरह की घटनाओं अंजाम देकर लाखों रूपये की ठगी कर चुके है।**

कार्यवाही:-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं साइबर सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय साइबर सैल व थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 99/23 धारा 419, 420, 504, 506 भादवि व 66सी आई0टी0 एक्ट का सफल अनावरण करते हुए भोले-भाले लोगों को फोन कॉल करके स्वयं को परिचित/रिश्तेदार बताकर उनको फोन-पे, पेटीएम, गूगल-पे इत्यादि का लिंक मोबाइल पर भेजकर धोखाधडी से रुपये निकालने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

उपरोक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः-

गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि हम अपने साथी वीरपाल के साथ मिलकर विभिन्न जनपदों व राज्यों में जगह-जगह घूम-फिरकर दुकानों इत्यादि स्थानों से मोबाइल नम्बर चोरी छिपे नोट कर लेते थे और फिर उस मोबाइल नम्बर की सीरीज पर भोले-भाले लोगों को कॉल कर उन्हें परिचित या रिश्तेदार बताकर विश्वास में लेकर उनके खातों में स्वंय की उधारी का पैसा उनके खातों में फोन-पे, पेटीएम, गूगल-पे आदि से उनके खातों में डालकर बाद में लेने की बातों में फंसाकर उनके पास लिंक भेजकर धोखे से उनका गोपनीय यूपीआई पिन डलवाकर फर्जी खातों के माध्यम से धनराशि ट्रांसफर कर निकाल लेते हैं। कॉल करने के लिये हम लोग फर्जी आई0डी0 पर सिम निकलवाकर इस्तेमाल करते हैं।

जनपद हापुड के रहने वाले सचिन उज्जवल के साथ उनको रिश्तेदार बताकर विश्वास में लेकर उनके खातों में स्वंय की उधारी का पैसा उनके खाते में फोन-पे व गूगल-पे द्वारा डालकर बाद में लेने की बातों में फंसाकर उनके पास 07 बार लिंक भेजकर धोखे से उसका गोपनीय यूपीआई पिन डलवाकर कुल 74801/- रुपये की धनराशि फर्जी खातों के माध्यम से धनराशि ट्रांसफर कर निकाल लिये थे।

गिरफ्तारी का स्थान व समयः- एनएच - 09, स्याना ओवर ब्रिज के पास व दिनांक 05.03.2023 समय करीब 23.55 बजे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1- साजिद खान मेवाती पुत्र इस्लाम खान मेवाती निवासी ग्राम अलियाबाद मेंहदीपुर थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर।

2- आमिर पुत्र नजमुद्दीन मेवाती निवासी सलेमपुर थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस।

बरामदगी का विवरणः-

1. 3300/- रूपये नकदी
2. एक एप्पल आईफोन सहित **04** मोबाइल फोन।
3. एक एटीएम कार्ड
4. घटना में प्रयुक्त **MARUTI-SUZUKI BREEZA** कार रजि0न0 **UP16DM6385**

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1- निरीक्षक श्री धारा सिंह मय पुलिस टीम थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।

2- उ0नि0 श्री विनीत कुमार मलिक प्रभारी साइबर सैल जनपद हापुड़।

3- है0का0 जसवंत कुमार साइबर सैल जनपद हापुड़।

4- है0का0 दिग्विजय साइबर सैल जनपद हापुड़।

5- है0का0 सुनील कुमार साइबर सैल जनपद हापुड़।

6- है0का0 साजुद्दीन खांन साइबर सैल जनपद हापुड़।

7- का0 नीरज साइबर सैल जनपद हापुड़ ।

8- का0 कर्ण यादव साइबर सैल जनपद हापुड़।

9- का0 दीपक साइबर सैल जनपद हापुड़।